प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा– अगले 5 वर्षों में दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनकर उभरेगा भारत।
- शिमला में भाजपा के रोड शो में पार्टी नेताओं ने गिनाई केन्द्र सरकार की उपलब्धियां– कांग्रेस पर लगाया चुनावी वायदे पूरा न करने का आरोप।
- वरिष्ठ कांग्रेस नेता व मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश सरकार मज़बूती के साथ पूरा करेगी 5 वर्ष का कार्यकाल।
- मुख्य सचिव ने चुनाव तैयारियों को लेकर केलंग में की बैठक– अधिकारियों को दिए ज़रूरी दिशा–निर्देश।

अनुराग ठाकुर

प्रदेश में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व 6 सीटों के विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार लगातार तेज़ हो रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व केन्द्रीय मंत्री और हमीरपुर से पार्टी उम्मीदवार अनुराग सिंह ठाकुर ने चुनाव प्रचार की कड़ी में आज हमीरपुर में आधा दर्जन से अधिक जनसभाएं कीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव के बाद नरेन्द्र मोदी सरकार की हैट्रिक में भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनकर उभरेगा। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि इन चुनावों में कांग्रेस की हार तय है और कांग्रेस हार का ठीकरा ई.वी.एम. पर फोड़ने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष लोगों को गुमराह करता है लेकिन आंकड़ों के अनुसार वर्तमान में देश में रोज़गार बढ़ा है और बेरोज़गारी दर घटी है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति की पोषक रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विकास और विरासत दोनों को साथ लेकर चल रही है, वहीं कांग्रेस और विपक्षी दल दिनरात सनातन के विरोध में खड़े हैं।

अनुराग ठाकुर–2

इस बीच, अनुराग सिंह ठाकुर कल दोपहर हमीरपुर में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इससे पहले उनका भोरंज और सुजानपुर विधानसभा क्षेत्रों में कई जनसभाएं करने का कार्यक्रम है। अनुराग सिंह ठाकुर दोपहर बाद बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जन संपर्क कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।

भाजपा रैली

शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार सुरेश कश्यप कल शिमला में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन से पूर्व भाजपा ने आज शहर के चौड़ा मैदान में रोड शो किया। इस दौरान प्रदेश भाजपा

अध्यक्ष राजीव बिंदल, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। अपने संबोधन में राजीव बिंदल ने जहां केन्द्र सरकार की उपलब्धियां गिनाईं वहीं कांग्रेस को बेइमान पार्टी करार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार चुनाव में किए गए वायदों को अभी तक पूरा नहीं कर पाई है। इस अवसर पर जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में दुख की सरकार चल रही है और ये सरकार जनता की नज़र में गिर गई है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल में भारत ने एक ऐतिहासिक विकास यात्रा देखी है जिसे आगे भी जारी रखना ज़रूरी है। पार्टी प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने भी जनसभा को संबोधित किया और देश में एकबार फिर मोदी सरकार बनने का दावा किया।

<u>मुख्यमंत्री</u>

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के ज्वालामुखी में चुनाव प्रचार किया। खुंडियां में एक जनसभा में उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार को कोई खतरा नहीं है और सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि ये चुनाव लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है जिसे कांग्रेस पार्टी अकेले नहीं लड़ सकती है लेकिन जनबल के सहारे पार्टी द्वारा धनबल को जवाब दिया जाएगा। भाजपा पर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष ने नोट के दम पर सरकार को गिराने का षड्यंत्र रचा और उनके इस्तीफे की भी अफवाहें फैलाई गईं। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के चोर दरवाज़ों को बंद कर 15 महीने में 2 हज़ार 2 सौ करोड़ रूपए का अतिरिक्त राजस्व कमाया है। कांगड़ा से कांग्रेस उम्मीदवार आनन्द शर्मा सहित अन्य नेता इस दौरान मौजूद रहे।

<u>हर्ष महाजन</u>

भाजपा नेता व राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा है कि डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश कांग्रेस सरकार पूरी तरह विफल रही है। चम्बा में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार जहां एक ओर आर्थिक तंगी होने का हवाला दे रही है वहीं सरकार ने फिजूलखर्ची करते हुए कई ओ.एस.डी., सलाहकार व सी.पी.एस. नियुक्त किए हैं जिन पर प्रतिमाह लाखों रूपए खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चम्बा ज़िले में भी विकास कार्य ठप्प हुए हैं और तबादला उद्योग पनपा है।

विक्रमादित्य सिंह

मण्डी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि यदि वे सांसद बनते हैं तो रामपुर में एक मैडिकल कॉलेज खोलना उनकी प्राथमिकता रहेगी। रामपुर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने कहा कि मण्डी को एक आदर्श संसदीय क्षेत्र बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि उन्होंने हमेशा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर प्रदेश के विकास कार्यों व अपने विभाग की कार्य प्रणाली में तेजी से सुधार का कार्य किया है।

पंजीकरण

कांगड़ा जिला 18 से 19 वर्ष की आयु के युवाओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज करने में पूरे प्रदेश में अव्वल रहा है। जिले में इस आयु वर्ग में 32 हजार 3 सौ 69 नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में

जोड़े गए हैं। इसी तरह प्रदेश में बीते 31 दिसंबर से 4 मई के बीच 18 से 19 वर्ष की आयु के 92 हजार 1 सौ 36 नए मतदाताओं के नाम सूची में शामिल किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

मतदान

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में कल नौ राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 96 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। निर्वाचन आयोग के अनुसार चौथे चरण में कुल एक हजार 7 सौ 17 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस चरण में एक लाख 92 हजार मतदान केंद्रों पर 19 लाख से अधिक चुनाव कर्मी तैनात किए जाएंगे। मतदान सुबह सात बजे शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने चुनावों को स्वतंत्र व निष्पक्ष ढंग से निपटाने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया में जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों से ईमानदारी व कर्त्तव्यनिष्ठा से कार्य करने को कहा है। केलंग में एक बैठक के दौरान उन्होंने चुनाव अधिकारियों को चुनावी खर्च से संबंधित सभी घटकों की पूरी गहनता से जांच करने और निगरानी दस्तों का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। लाहौल–स्पीति के उपायुक्त व ज़िला निर्वाचन अधिकारी राहुल कुमार ने कहा कि स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के लिए ज़िले में सभी ज़रूरी कदम उठाए गए हैं। उन्होंने बताया कि ज़िले में पहली जून को लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए 92 मतदान केन्द्रों के माध्यम से 25 हज़ार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

कुल्लू तैयारी

कुल्लू ज़िले में लोकसभा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से करवाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त तोरूल एस. रवीश ने बताया कि ज़िले में राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों के चुनावी खर्च पर भी कड़ी नज़र रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर फेक न्यूज़ और तथ्यहीन व गलत सूचनाएं फैलाने पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

जागरूकता

प्रदेश के अन्य ज़िलों सहित सोलन में भी मतदाताओं को जागरूक कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उपायुक्त व ज़िला निर्वाचन अधिकारी मनमोहन शर्मा ने कंडाघाट के बगेटू गांव में शतायु मतदाता को सम्मानित कर वोट के लिए घर–घर आमंत्रण व हस्ताक्षर अभियान शुरू किया। उन्होंने नागरिकों, विशेषकर युवाओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया।

इधर, शिमला ज़िला निर्वाचन विभाग और महिला व बाल विकास विभाग की ओर से ज़िले की सभी गर्भवती व धात्री महिलाओं को एक जून को मतदान करने का निमंत्रण दिया गया है। शिमला के अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा ने बताया कि मतदान प्रक्रिया में इन महिलाओं की पूरी भागीदारी सुनिश्चित बनाने के उद्देश्य से ये पहल की गई है।

अभियान

युवा पीढ़ी को वनों के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए चम्बा ज़िले के डलहौजी वन मंडल ने विशेष कैच द यंग अभियान शुरू किया है। इसके तहत वन मंडल डलहौजी के विभिन्न सरकारी, निजी स्कूलों और कॉलेजों के करीब 30 हज़ार विद्यार्थियों को जंगल की आग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। डलहौजी के वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन ने बताया कि पौधरोपण और वन संरक्षण के प्रति युवा पीढ़ी के प्रयासों से भविष्य में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम आने की अपेक्षा है।

सुप्रीम कोर्ट

सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए 29 जुलाई से 3 अगस्त तक सर्वोच्च न्यायालय में विशेष अदालत लगाई जाएगी। यदि कोई व्यक्ति अपने लंबित मामले का त्वरित निपटारा चाहता है तो वह इस विशेष अदालत में मामला लगवा सकता है। हमीरपुर ज़िला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव असलम बेग ने बताया कि अदालतों में लंबित विभिन्न मामलों के त्वरित निपटारे के लिए लोक अदालत एक अच्छा माध्यम है। लोक अदालत में कई मामलों का निपटारा आपसी समझौते के आधार पर तत्काल किया जाता है।

<u>अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर</u>

- केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा– अगले 5 वर्षों में दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनकर उभरेगा भारत।
- शिमला में भाजपा के रोड शो में पार्टी नेताओं ने गिनाई केन्द्र सरकार की उपलब्धियां– कांग्रेस पर लगाया चुनावी वायदे पूरा न करने का आरोप।
- वरिष्ठ कांग्रेस नेता व मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश सरकार मज़बूती के साथ पूरा करेगी 5 वर्ष का कार्यकाल।
- मुख्य सचिव ने चुनाव तैयारियों को लेकर केलंग में की बैठक– अधिकारियों को दिए ज़रूरी दिशा–निर्देश।